## परिशिष्ट– 2

**परीक्षा योजनाः**– प्रतियोगिता परीक्षा में क्रमवार निम्नलिखित स्तर सम्मिलित हैं यथा–

(1) प्रारम्भिक परीक्षा–केवल एक प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन, सामान्य बुद्धि परीक्षण एवं सामान्य हिन्दी (वस्तुनिष्ठ प्रकार)।

(2) मुख्य परीक्षा–लिखित परीक्षा (विषयपरक प्रकार)।

1. प्रारम्भिक परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार)–

| विषय | अधिकतम अंक | समय (घण्टे) | प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|---|
| सामान्य अध्ययन, सामान्य बुद्धि परीक्षण एवं सामान्य हिन्दी (वस्तुनिष्ठ प्रकार) | 150 | 02 | 150 |

**उत्तराखण्ड सचिवालय / उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग में समीक्षा अधिकारी (लेखा) एवं सहायक समीक्षा अधिकारी (लेखा)पद हेतु सीधी भर्ती के सम्बन्ध में पाठ्यक्रम एवं परीक्षा योजना**

## प्रारम्भिक परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम

सामान्य अध्ययन,सामान्य बुद्धि परीक्षण
एवं सामान्य हिन्दी (वस्तुनिष्ठ प्रकार)

समय : 2 घंटे        प्रश्नों की संख्या : 150        पूर्णांक : 150

### खण्ड–1 सामान्य अध्ययन

**प्रश्नों की संख्या : 90पूर्णांक : 90**

**1.** सामान्य विज्ञान, **2.** भारत का इतिहास, **3.** भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन, **4.** भारतीय राज्य तंत्र, अर्थ व्यवस्था एवं संस्कृति, **5.** भारतीय कृषि, वाणिज्य एवं व्यापार, **6.** जनसंख्या, पर्यावरण एवं नगरीकरण (भारतीय परिप्रेक्ष्य में), **7.** विश्व भूगोल तथा भारत का भूगोल और प्राकृतिक संसाधन, **8.** अधुनातन राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय महत्वपूर्ण घटनाक्रम,**9.**उत्तराखण्ड की शिक्षा संस्कृति, कृषि, उद्योग, व्यापार एवं रहन–सहन, भौगोलिक, राजनैतिक पृष्ठ भूमि एवं सामाजिक प्रथाओं के सम्बन्ध में विशिष्ट जानकारी, **10.**उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक, आर्थिकव प्राकृतिक संसाधन तथा ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि।

SARKARIRESULT.COM

## <u>खण्ड–2 सामान्य बुद्धि परीक्षण</u>

**प्रश्नों की संख्या : 30** **पूर्णांक : 30**

**सामान्य बुद्धिमता :** इसके अन्तर्गत प्रश्न सामान्य बुद्धिमता से संबंधित जैसे शाब्दिक और गैर–शाब्दिक दोनों प्रकार के प्रश्न होंगे और इसमें सादृश्यों, समानताओं तथा अंतरों, स्थानिक कल्पना, समस्या, समाधान, विश्लेषण, निर्णय लेना, दृश्य स्मृति, विभेद, अवलोकन, संबंध अवधारणा, अंकगणितीय तर्क, शाब्दिक एवं चित्रात्मक वर्गीकरण, अंकगणितीय संख्या श्रृंखला आदि सम्मिलित होंगे। इसमें अभ्यर्थी की योग्यता का सामान्य विचार और संकेत और उनके संबंध, अंकगणितीय गणना तथा अन्य विश्लेषणात्मक कार्य आदि के प्रश्न भी शामिल होंगे।

## <u>खण्ड–3 सामान्य हिन्दी</u> (सामान्य शब्द ज्ञान एवं व्याकरण)

**प्रश्नों की संख्या : 30** **पूर्णांक : 30**

(i) विलोम (पाँच शब्द), (ii) वाक्य एवं वर्तनी शुद्वि (पाँच वाक्य), (iii) अनेक शब्दों के एक शब्द (पाँच शब्द), (iv) तत्सम एवं तदभव शब्द (पाँच शब्द), (v) विशेष्य एवं विशेषण (पाँच शब्द), (vi) पर्यायवाची शब्द (पाँच शब्द)

<u>नोटः–</u>प्रारम्भिक परीक्षा के प्राप्तांक मुख्य परीक्षा के अंकों के साथ मैरिट निर्धारण हेतु नहीं जोड़े जायेंगे।

SARKARIRESULT.COM